JAIPUR METRO

जयपुर मेट्रो रेल कॉरपोरेशन लिमिटेड

एडमिन बिल्डिंग, मेट्रो डिपो, भृगु पथ, मानसरोवर, जयपुर–302020

E-mail: pro@jaipurmetrorail.in **Phone No:** 0141-2822760

2022 / 10 / 381–प्रेस विज्ञप्ति दिनांकः 16.10.2022

जयपुर मेट्रो ने NDRF व अन्य आपदा नियत्रंण इकाईओ के साथ मानसरोवर मेट्रो स्टेशन पर की मॉक ड्रिल।

जयपुर 16 अक्टूबर। NDRF (राष्ट्रीय आपदा मोचन बल) के आदेशानुसार दिनांक 15. 10.2022 को रात्रि 11:00 बजे मानसरोवर मेट्रो स्टेशन पर मॉक ड्रिल अभ्यास का आयोजन किया गया। इस मॉक संयुक्तअभ्यास में जयपुर मेट्रो रेल कर्मचारियों एवं अधिकारियों के साथ–साथ NDRF, SDRF, जयपुर मेट्रो पुलिस, सिविल डिफेंस टीम, फायर विभाग एवं 100 एंबुलेंस के कर्मचारियों के साथ–साथ लगभग 200 लोगो ने भाग लिया।

इस मॉक संयुक्तअभ्यास में भूंकप आदि आपदा स्थिति में मेट्रो स्टेशन परिसर से यात्रियों को सुरक्षित बाहर निकालने, यात्रियों को रस्सी के माध्यम से प्लेटफार्म से सीधा नीचे उतारने, घायल यात्रियों को सभी आपदा मोचन बलों के माध्यम से जल्द से जल्द राहत पहुंचाने, ध्वस्त हुए ढांचे में दबे हुए यात्रियों को सुरक्षित बाहर निकालने के साथ–साथ मेट्रो डी–रेल (पटरी से उतारने) एवं डी–रेल (पटरी पर पुनः चढाने) का भी अभ्यास किया।

अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक जयपुर मेट्रो श्री कुंजीलाल मीना ने बताया कि NDRF (राष्ट्रीय आपदा मोचन बल) व SDRF आदि के तत्वाधान में यह पहला मॉक ड्रिल संयुक्त अभ्यास था। इस मॉक ड्रिल अभ्यास से मेट्रो कर्मचारियों का उत्साहवर्धन हुआ एवं विपरित एवं आपदा स्थिति में कर्मचारियों को सफल प्रबंधन की प्रेरणा मिली तथा इस मॉक ड्रिल आयोजन के लिए सभी की प्रंशसा की।

जनसंपर्क अधिकारी
जयपुर मेट्रो